**खबर संक्षेप**

### बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का समापन

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने, उनके त्याग और बलिदान को सम्मान देने तथा जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से 15 नवम्बर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को वर्ष 2021 से जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन अवसर पर 1 नवम्बर से 15 नवम्बर 2025 तक विविध सांस्कृतिक एवं जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए 5वां जनजातीय गौरव दिवस जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

### आज निकलेगी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर साहसिक साइकिल यात्रा

**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छिंदवाड़ा महाविद्यालय कार्यविभाग द्वारा एक भव्य एवं साहसिक साइकिल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। छिंदवाड़ा से नागपुर तक होने वाली इस साहसिक साइकिल यात्रा जो की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छिंदवाड़ा महाविद्यालय विद्यार्थी कार्य विभाग द्वारा निकाली जा रही है जो 5 नवंबर को सुबह 6:30 बजे संघ कार्यालय बरारीपुरा से प्रारंभ होकर- राजपाल चौक - पुराना छापाखाना -लक्ष्मी सायकल स्टोर - राम मंदिर - गणेश चौक - छोटा तालाब - तिलक मार्किट -पवार टी हॉउस - यातायात चौक - अमित ठेंगे - मानसरोवर बस स्टैंड - फवारा चौक - अनगढ़ हनुमान मंदिर- शिवाजी चौक -नागपुर नाका - चंदन गांव - इमलीखेड़ा - लिंगा - उमरानाला - मसाला पार्क - बंजारी माता - रामाकोना - सौसर - बोरगांव- सावनेर - देहगांव - नागपुर रेशम बाग मे यात्रा का समापन होगा ।प्रथम दिवस का रात्रि विश्राम बोरगांव में होगा। उसके पश्चात 6 नवंबर को बोरगांव से नागपुर के लिए यात्रा प्रस्थान करेगी।

**कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा, छिंदवाड़ा नगर में हुए रोड रेस्टोरेशन कार्य की गुणवत्ता सुधरवाने के दिए निर्देश**

## निर्माण एजेंसियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने मंगलवार को मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की। इसके साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री नारायन ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान अक्टूबर माह की अनअटेंडेड शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने ऐसे सभी अधिकारियों को जिला कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर शिकायतों पर जवाब दर्ज करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी विभागों को पिछले माह से और बेहतर प्रदर्शन करते हुए वेटेज स्कोर का प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है।

पी.आई.यू से संबंधित समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान नए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने पी.आई.यू सहित सभी निर्माण एजेंसियों को सख्त हिदायत दी है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। काम की गुणवत्ता सुधारें, शासन की राशि का किसी भी तरह से दुरुपयोग स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### छिंदवाड़ा नगर के रोड रेस्टोरेशन कार्य की गुणवत्ता सुधारने दिया एक सप्ताह का समय

नगर निगम छिंदवाड़ा के अंतर्गत लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किए जा रहे रोड रेस्टोरेशन कार्य की जांच के प्रकरण में एसडीएम छिंदवाड़ा एवं नगर निगम आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गई। जिसमें कार्य की गुणवत्ता असंतोषजनक होने की जानकारी सामने आई। इस संबंध में निगम के कार्यपालन यंत्री को पूरी जानकारी न रखने पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने एक सप्ताह का समय देते हुए सभी स्थानों का भ्रमण कर रोड रेस्टोरेशन के कार्य की गुणवत्ता सुधरवाने के निर्देश दिए हैं।

### अतिक्रमण हटाने के बाद फोटोग्राफ के साथ प्रस्तुत करें रिपोर्ट

अतिक्रमण हटाने संबंधी समय सीमा के प्रकरणों में कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए हैं कि शासकीय जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद उसकी रिपोर्ट फोटोग्राफ्स के प्रस्तुत किया करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि वहां दोबारा अतिक्रमण ना होने पाए।

### लापरवाह दवा दुकान संचालकों पर सख्ती से कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर श्री नारायन ने सीएमएचओ को सख्त हिदायत दी कि बिछुआ जैसी घटना अब जिले में दोबारा न घटे। ड्रग इंस्पेक्टर और अपनी टीम से लगातार मॉनिटरिंग द्वारा यह सुनिश्चित कराएं कि बिना बिल अथवा बिना प्रिस्क्रिप्शन के कोई भी केमिस्ट दवाइयां ना दे। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ाई के साथ कार्यवाही करें।

**पुलिस को तीन दिन की मिली रिमांड**

## कफ कांड की 7वीं अभियुक्त ज्योति सोनी कोर्ट में पेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

परासिया में हुए कफ सिरप कांड में 7 वीं अभियुक्त ज्योति सोनी को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया । पुलिस ने विस्तृत पूछताछ के लिए रिमांड मांगी , न्यायिक दडाधिकारी प्रथम श्रेणी के द्वारा अभियुक्त को 3 दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंपा। परासिया न्यायालय में मंगलवार को कफ सिरप कांड में आरोपी डॉ प्रवीण सोनी की पत्नी व अपना मेडिकल की प्रोपराइटर ज्योति सोनी को एस आई टी की टीम ने पुलिस की कड़ी सुरक्षा में न्यायालय में पेश किया । इस दौरान पीड़ति परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया,नारे लगाए।

## मदिरा विक्रेताओं एवं अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में वृत्त परासिया एवं चाँदामेटा के प्रभारी अधिकारी द्वारा वृत्त परासिया के अंतर्गत ग्राम रावनवाड़ा में आज कार्यवाही की गई। रावनवाड़ा वार्ड क्रमांक- 01 अंतर्गत सरिता काकोड़िया पति विनोद उम्र 35 वर्ष निवासी रावनवाड़ा के मकान एवं शिवम धुर्वे पिता शिवकुमार उम्र 21 वर्ष वार्ड नंबर-01 रावनवाड़ा के मकान की विधिवत तलाशी लेने पर कुल 4 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद हुई। आबकारी दल द्वारा ग्राम दीघावानी में सोनू परतेती पिता विश्राम उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड नंबर-6 दीघावानी थाना शिवपुरी के मकान की तलाशी लेने पर 4 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद कर आरोपियों के विरूध्द मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की गई। इसके बाद आबकारी बल द्वारा उमरेठ के अंतर्गत ग्राम मोरडोंगरी खुर्द में संदीप यादव पिता दसरू यादव उम्र 24 वर्ष निवासी मोरडोंगरी के मकान की तलाशी के दौरान 3 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई, वहीं सुरा यादव पिता दशरथ यादव उम्र 52 वर्ष निवासी मोरडोंगरी खुर्द के मकान से 5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई तथा ग्राम मोरडोंगरी के पास स्थित नाले में अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों पर कार्यवाही करते हुए एक प्लास्टिक के ड्रम में 200 कि.ग्रा. महुआ लहान बरामद कर सैंपल लेकर शेष लहान को विधिवत नष्ट किया गया। इस दबिश कार्यवाही में कुल 16 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 200 कि.ग्रा. महुआ लहान बरामद कर 05 आरोपी एवं 01 अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण कायम कर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(1) च अंतर्गत प्रकरण कायम किया गया। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी श्री जीत सिंह धुर्वे सहित आबकारी स्टॉफ आरक्षक श्री ओम नारायण बाम्हने, सुश्री प्रियंका सरयाम, सुश्री दीपाली झारिया एवं श्री रवि शंकर कंगाली की अहम भूमिका रही ।

### आबकारी द्वारा 70 लीटर हाथ भट्टी मदिरा की गई जप्त

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी अमले द्वारा आज प्रातः के समय वृत्त प्रभारी श्री आकाश मेश्राम के नेतृत्व में ग्राम सोमाढाना और आसपास के क्षेत्र में कार्यवाही प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम गोसाईढाना में जंगल में बहने वाले नाले के किनारे प्लास्टिक के अलग-अलग ड्रमों और प्लास्टिक की पन्नियों में अनेक स्थानों पर रखा हुआ महुआ लाहन आबकारी दल द्वारा ढूंढकर विधिवत नष्ट किया गया। इसी स्थान पर आबकारी दल को तीन स्थानों पर चालू भट्टियां भी मिली, जिन्हें तुरंत ही तोड़कर नष्ट कर दिया गया। इसी स्थान से प्लास्टिक की पन्नियों और प्लास्टिक की ही छोटी कैन में बरामद 70 लीटर हाथ भट्टी मदिरा आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। इसके बाद ग्राम सोमाढाना में नाले के किनारे दो से तीन स्थानों पर टीम को प्लास्टिक के ड्रमों में छुपाकर रखा हुआ महुआ लाहन बरामद हुआ, जिसे विधिवत नष्ट कर दिया।

### जरूरतमंद मरीज को दी व्यक्तिगत सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** हर जरूरतमंद और निर्धन लोगों की सेवा में हर दम तत्पर रहने वाले सांसद बंटी विवेक साहू ने मानवता का परिचय देते हुए नागपुर में भर्ती एक मरीज को इलाज के लिए तत्काल ही व्यक्तिगत तौर पर 20 हजार की सहायता राशि दी है। जिससे इस मरीज का इलाज संभव हो सका है।

उल्लेखनीय है कि अमरवाड़ा की ग्राम पंचायत लखनवाड़ा के गांव देवरीगंगाराम निवासी राजकुमार वर्मा का नागपुर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पैसों की कमी के कारण उनके परिजन उनका इलाज नहीं करा पा रहे थे। इस दौरान राजकुमार वर्मा की पत्नि सीलम वर्मा ने सांसद बंटी विवेक साहू से मोबाईल पर संपर्क किया, जिस पर उन्होंने उनके पति के इलाज के लिए सहायता राशि की मांग की। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही उन्हें 20 हजार की राशि इलाज के लिए उपलब्ध कराई। जिससे की राजकुमार वर्मा का इलाज संभव हो सका है।

## पुलिस ने बड़े जुआ फड़ में मारी रेड



**सिंगोड़ी।** सिंगोड़ी चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अति.पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती कल्याणी वरकड़े, थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में मंगलवार को पुलिस स्टाफ के चौकी क्षेत्र में अपराध पातासाजी हेतु रवाना हुये थे जो मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जमुनिया ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम गाडरा नर्सरी कुछ व्यक्ति हार जीत में पैसे का दांव लगाकर जुँआ खेल रहे हैं। तभी उक्त जगह घेरा बंदी करते हुए दबीस दी गई जिसमे आरोपीगण भगवत पिता डल्लू कहार उम्र 36 वर्ष ,राधेश्याम पिता सरजू वर्मा उम्र 38 वर्ष,जोहरी पिता अमरसिंह चंद्रवंशी उम्र 40 वर्ष, सुखराम पिता बिरगू वर्मा उम्र 35 वर्ष,सभी निवासी भूला पुर्नवास, अजय पिता सियाराम भलावी उम्र 36 वर्ष निवासी झिरी चौकी धरमटेकड़ी। वही अमन पिता निर्भय परतेती उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम जमुनिया, अखिलेश पिता शिवप्रसाद उइके उम्र 32 वर्ष संदीप पिता बालकराम सरेयाम उम्र 36 वर्ष दोनो निवासी गाडरा ग्राम जमुनिया यशवंत पिता नन्हेलाल बारसिया उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम सिंगोड़ी चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा को मौके पर जुँआ खेलते हुये पकड़े गये जिनके कब्जे से कुल 8150/- रुपये नगदी तथा 52 ताश के पत्ते जप्त किये गये तथा प्रकरण के 03 अन्य आरोपी फरार है । आरोपीगणो के विरुद्ध धारा 13 जुँआ एक्ट का कृत्य पाये जाने पर धारा 13 जुँआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं सभी आरोपीगणों के विरुद्ध पृथक से सख्त प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है । इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, प्र.आर. इंद्रजीत, आर. सूरज, आर. गुरमुख ,आर. पीयुष, आर. उमाशंकर, सहित अन्य सामिल थे।

**श्री मंगलम प्यूल्स पेट्रोल पंप का भव्य शुभारम्भ**



**दमुआ।** दमुआ नगर के सारनी दमुआ मार्ग के माईनस चौक में श्री मंगलम प्यूल्स पेट्रोल पंप का भव्य शुभारम्भ म.प्र. स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर दिनांक 01 नवम्बर दिन शनिवार को श्री गयाप्रसाद उइके एव श्री दुर्गा प्रसाद उइके एवं समस्त उइके परिवार की गरिमामयी उपस्थिति में नया पेट्रोल पंप मंगलम प्यूल्स पेट्रोल पंप दमुआ का शुभारम्भ किया गया इस अवसर पूर्व विधायक मान. नत्थनशाह कवरेती, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सोनू पाटिल, भाजपा युवा नेता राकेश मड़वी और पत्रकार बंधु श्री सोनू डेहरिया अध्यक्ष, दुर्गासिंग राजपूत, हेमराज गाठे एवम श्रीमती सरला मनीष उइके न.पा. पार्षद, रवि बंसल, अभिषेक पटेल, ब्रिजेश पटेलरु पेवर ब्लाक एच.पी. पेट्रोल पंप सागर , , मोहम्मद ताहिर ठेकेदार गुडीअम्बाडा (नागपुर), गया प्रसाद उइके श्री दुर्गा प्रसाद उइके श्री मंगलम पेट्रोल पंप संचालक सहित उइके परिवार और गणमान्य नागरिक सहित भारी सख्या में लोग उपस्थित थे जहां प्रसाद, मिठाई एवं भोजन की भी व्यवस्था की गई थी।

## नपा दमुआ में सामने आ रहा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में फर्जीवाड़ा, पट्टा वितरण में भी धांधली

**बरसों से एक ही जगह काम कर रहे कर्मचारियों ने नपा को बनाया भ्रष्टाचार का गढ़**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा




जिले की नगरपालिकाओं में भ्रष्टाचार के मामले निरंतर बढ़ रहे है। लगभग हर योजना में नियमों को ताक में रखकर नगरपालिका के कर्मचारी खुद की जेब भरने में लगे है। कमीशन के खेल में शासकीय योजनाओं के नियमों की बंटरबांट लगाने में कोई कमी नहीं की जा रही है और नियमों को ताक में रखकर बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार के मामले नगरपालिका दमुआ में इन दिनों चर्चा का विषय बने है।

सूत्रों की माने तो लंबे समय से नगरपालिका दमुआ में पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी संस्था की बारिकियों से वाकिफ है और शासकीय योजनाओं में पलीता कैसे लगाना यह उन्हें बहुत अच्छे तरीके से आता है।

अधिकारियों की लापरवाही कहे या अनदेखी परंतु अगर इस पूरे घोटाले की बड़ी एर्जेसियों ईओडब्ल्यू, लोकायुक्त से जांच की जाए तो निश्चित रूप से बड़ा मामला सामने आ सकता है।

के दमुआ नगर में शासकीय जमीनों के पट्टा वितरण में बड़ी अनियमितता बरतने की शिकायत भी सामने आई है। जिसको लेकर क्षेत्र में जांच की मांग भी उठ रही है। तो वही यहां प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के नाम पर भी जमा फर्जीवाड़ा करने की जानकारी सूत्रों से मिली है।

बताया जाता है कि सहकारी बैंक के समीप नगर पालिका पट्टे वाली जमीन पर पीएम आवास निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई थी। किन्तु नगर पालिका के अफसरों और कर्मचारियों की साठगांठ से यहां आवास के स्थान पर दुकान निर्मित कर ली गई है। स्थानीय लोगो की माने तो आवास के स्थान पर यहां वॉशिंग सेंटर संचालित किया गया है। जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन के समक्ष शिकायत भी पूर्व में ही हो चुकी है। किन्तु अफसरों द्वारा लगातार अनदेखी बरती जा रही है। वैसे तो प्रधानमंत्री की यह महत्वकांक्षी योजना आवास हीनों के उपयोग को आवस देने के लिए बनाई गई थी परंतु इस योजना में कैसे आर्थिक लेन देन कर पलीता लगाया गया है। यह जांच में सामने आ जाएगा। नगरपालिका दमुआ में ऐसा एक मामला नहीं कई मामले है जो जांच का विषय है। अगर नगरपालिका के इस घोटाले की जांच विशेष जांच टीम द्वारा कराई जाए तो निश्चित रूप से पूरा फर्जीवाड़ा सामने आ जाएगा। वर्षो से एक ही जगह पर बैठे कर्मचारी और इंजीनियरों ने नगरपालिका को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है। अगर समय रहते हटाया नहीं गया तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना संभव नहीं हो पाएगा। स्थानीय निवासियों ने नगरपालिका दमुआ के खिलाफ शिकायत कर जांच की मांग की जा रही है। परिषद में बैठे जनप्रतिनिधि भी आपसी खींचतान के शिकार हो रहे है निरंतर समन्वय के अभाव में नगरपालिका के निवासरत लोगों में पालिका के प्रति आक्रोश निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे में वरिष्ठ अधिकारियों की जानकारी में इस तरह के मामलों को लाकर निराकरण किया जाना चाहिए ताकि भाजपा की सरकार जो महत्वकांक्षी योजनाएं जनता तक पहुंचा रही है। उनका सफल क्रियान्वयन हो सके।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 407 मरीजों का उपचार, 4 गंभीर मरीजों को किया रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उन्होंने देश के गरीब कल्याण जन कल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं और आज उन्हीं की योजनाओं से दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत एक महाशक्ति बनकर उभर कर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, हमारे जिले के दूर दराज क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिले उनकी बड़ी बीमारियों का इलाज अच्छे अस्पताल में हो सके इस उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित हो रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू का यह संदेश लेकर जुन्नारदेव नगर मंडल के ग्राम करन पिपरिया में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बड़ाढाना में आयोजित 49 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधन के दौरान बताए। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की योजनाओं के साथ हमारी सरकार छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना के विकास को लेकर संकल्पित है। प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार में भी स्वास्थ्य को लेकर अच्छे काम हो रहे हैं।

## साकेत होटल से पकड़ाए दस जुआरी

**होटल मालिक पर भी शक की सुई, जुआरियों का निकला जुलूस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कोतवाली थाना अंतर्गत छोटा तालाब साकेत होटल में चल रहे जुआँफड़ पर बीती रात कोतवाली पुलिस ने रेड कार्यवाही कर 10 जुआरियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने पकड़ाए सभी जुआरियों को सबक सिखाने के लिए जुलूस निकालकर उनके खिलाफ 151 की कार्यवाही भी की है। पुलिस ने बताया कि इस जुआँफड़ का संचालन आकाश उर्फ छोटू कर रहा था। जबकि मौके से पुलिस ने 20 हजार नगद सहित नीरज निर्मलकर निवासी कोष्टी मोहल्ला, पुराना छापाखाना, शुभम गोदरे निवासी शारदा चौक, आदित्य केवट निवासी नोनिया करबल, थाना देहात, भरत उर्फ गोल्डी यादव निवासी कोलाढाना, आयुष भाकरे निवासी तारा कॉलोनी,अभिषेक चौधरी निवासी बरारीपुरा, आदेश गुप्ता निवासी बुधवारी बाजार, आशीष सराठे निवासी तिलक चौक रघुवंशीपुरा, हर्ष सराठे निवासी तिलक चौक, विशाल चौहान निवासी शारदा चौक को हिरासत में लिया है। जबकि आकाश उर्फ छोटू फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने इनके खिलाफ 151 सहित जुआँएक्ट के तहत कार्यवाही की है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी सलाखों के पीछे

**रावनवाड़ा** (शिवपुरी)। थाना क्षेत्र के 96 क्वार्टर छिंदा निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि परासिया निवासी मोईन पिता जुल्फिकार सिद्दीकी ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ की फरियादिया के अनुसार, घटना 1 नवम्बर 2025 की शाम लगभग 5 बजे की है, जब आरोपी ने घर के पास ही उसकी बेटी का हाथ पकड़कर गलत हरकत की। शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपी पहले भी स्कूल आते-जाते उसका पीछा करता था और फोटो वायरल करने की धमकी देकर मिलने का दबाव डालता था।फरियादिया की लिखित शिकायत पर थाना रावनवाड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 299/25 धारा 74, 75(1)(4), 78(1)(2), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने 3 नवम्बर 2025 को आरोपी मोईन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



**सांसद ने 38 करोड़ 70 लाख की लागत से बनने वाली 23 ग्रामीण सड़कों की ग्रामीणों को दिलाई सौगात**

## सांसद की पहल पर 38 करोड़ 70 लाख से होगा 23 ग्रामीण सड़कों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के विकास को लेकर कृतसंकल्पित सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने ढेड़ वर्ष के कार्यकाल में ही दोनों जिलों में वर्षों से लंबित कार्यों के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत कराकर कार्य भी प्रारंभ करा दिए हैं। इसमें अब तक की सबसे बड़ी सौगात सावनेर से छिन्दवाड़ा और छिन्दवाड़ा से सिवनी तक फोरलेन निर्माण के लिए ढाई हजार करोड़ की सौगात शामिल है। सांसद श्री साहू के प्रयासों का ही नतीजा है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के माध्यम से छिन्दवाड़ा जिले में 23 विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 38 करोड़ 70 लाख 662 की राशि स्वीकृत कर दी है। इस राशि से 63.25 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि यह स्वीकृत 23 विभिन्न ग्रामों की सड़कों की मांग क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी वर्षों से करते आ रहे थे। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर सांसद बंटी विवेक साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित मंत्री प्रहलाद पटेल एवं विभाग के अधिकारियों से चर्चा की थी।इन सड़कों का निर्माण हो जाने से जहां गांवों के विकास के रास्ते खुलेंगे वहीं ग्रामीणों को भी आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में ट्रिपल इंजन की सरकार काम रही हैं। इसी का परिणाम है कि जो कार्य पिछले 45 सालों में नहीं हो

### ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा समग्र विकास

सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि छिन्दवाड़ा एवं पादुर्णा जिले में विकास का यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का फोकस ग्रामीण क्षेत्रों पर अधिक है। उनका मानना है कि जो सुविधाएं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मिल रही है, वैसी ही सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी मिल सके। आज ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं लगातार बढ़ रही है। इससे जहां ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाला पलायन रूका है वही ग्रामीणों के आय के श्रोत भी बढ़ें है। अब उन्हें अपने हर एक काम के लिए शहर नहीं आना पड़ता हैं।

### ग्रामीणा क्षेत्रों में 23 सड़कों की मिली स्वीकृति

सांसद बंटी विवेक साहू ने 38 करोड़ 70 लाख की लागत से बनने वाली 23 ग्रामीण सड़कों की ग्रामीणों को सौगात दिलाई है। स्वीकृत सड़कों में हर्रई में 7 सड़कें स्वीकृत हुई है, जिसमें अनखावाड़ी से सर्रापानी तक 3.30 किलोमीटर लागत 212.245 लाख, कामठा से भरदीखोल तक 4.52 किलोमीटर लागत 331.32 लाख, कोहपानी से मालपानी तक 2.30 किलोमीटर लागत 123.91 लाख, चारगांव रोड से भोंड तक 5.50 किलोमीटर लागत 298.11 लाख, चिलक बलुसर रोड से बावरदर्रीढाना तक 1.50 किलोमीटर लागत 83.75 लाख, चारगांव से धुरियापटेलटोला तक 1.20 किलोमीटर लागत 65.7 लाख, खिरखिर घाट से मंदरीटोला तक 1.50 किलोमीटर लागत 84.29 लाख। स्वीकृत सड़कों में जुन्नारदेव में 4 सड़कें स्वीकृत हुई है।

### मक्का उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने भटक रहे किसान भाई

# भाजपा की सरकार किसानों के साथ कर रही छलावा: नकुलनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा सरकार का किसान हितैषी मुखौटा अब पूरी तरह उतर चुका है और जनता के सामने असलियत आ चुकी। प्रदेश व जिले के किसान भाई सतत रूप से अब सरकार का असली किसान विरोधी चेहरा देख रहे। खाद-बीज और बिजली के लिए निरंतर संघर्ष कर फसल उगाने वाला अन्नदाता आज सबसे ज्यादा लाचार और बेबस हैं, क्योंकि एकमात्र वही है जो अपनी उपज का मूल्य निर्धारित नहीं कर पा रहा। उक्त उदगार जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने वर्तमान में मक्का उत्पादक किसानों को उचित मूल्य नहीं मिलने पर व्यक्त किए हैं।

नकुलनाथ ने जारी बयान में आगे कहा कि भाजपा सरकार में मक्का उत्पादक किसान अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए लगातार भटक रहा, किन्तु उसके हाथ सिर्फ और सिर्फ निराशा लग रही। जबकि माननीय कमलनाथ जी के मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल में किसान भाइयों को 2400 रुपए प्रति क्विंटल तक मक्के का दाम प्राप्त हुआ। किन्तु विगत पांच वर्षों में परिस्थितियां पूरी तरह किसानों के विपरीत हो चुकी। खाद-बीज, बिजली सहित सम्पूर्ण कृषि यंत्रों का मूल्य दोगुने से भी अधिक हो चुका है, लेकिन किसानों की आय आधी और आफत दोगुनी हो चुकी। समय पर खाद नहीं, बीज नहीं और बिजली का संकट पूरे वर्ष बना रहता है। खेतों में काम करने के लिए मजदूर नहीं। अंत में उपज को समूचित मूल्य नहीं। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते कृषि अब हानि का धंधा बन गया है।

### आखिर जिले व प्रदेश का किसान क्या करे?

नकुलनाथ ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि इन सम्पूर्ण गम्भीर परिस्थितियों के बीच जिले व प्रदेश का किसान क्या करे? क्या व्यापारियों को औने-पौने दामों में फसल बेचकर लुटता रहे या फिर सरकार किसान हित में कोई ठोस अथवा निर्णायक कदम उठाएगी। श्री नाथ ने सरकार से अपेक्षा की है कि अविलम्ब किसानों की परेशानियों को समझते हुए मक्का उपज के साथ ही सभी फसलों के लिए उचित समर्थन मूल्य पर खरीदी कर किसान भाइयों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्रदान करें।

## विधायक के संरक्षण में चल रहा जुआ, सट्टा, शराब और रेत का खेल- धीरन शाह

**छिन्दवाड़ा:-** भाजपा की सरकार में आम आदमी से ज्यादा फिक्र माफियाओं की होती है। माफियाओं को संरक्षण देकर अवैध कारोबार को बढ़ाया जाता है। इसका ताजा उदाहरण है, अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र जहां भाजपा विधायक कमलेश प्रताप शाह के संरक्षण प्राप्त लोगों के द्वारा जुआ, सट्टा, शराब व रेत का अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा है। उक्त आरोप कांग्रेस नेता धीरन शाह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लगाए हैं। धीरन शाह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में अवैध कारोबार जमकर फल फूल रहे हैं। जुआ, सट्टा और शराब के साथ ही अवैध रेत का उत्खनन जोरों से हो रहा है। सबकुछ पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा फिर भी जिम्मेदार मौन है, क्योंकि सरकार में बैठे विधायक के इशारों पर ही पूरे अवैध व काले कारोबार चल रहे, इसीलिये कानून व्यवस्था बनाने वाले अफसर भी चुप है। सत्ता के दबाव के कारण जुआ, सट्टा जगह-जगह संचालित हो रहे और शराब खुलेआम हर चौक-चौराहे पर बेची जा रही। रेत का अवैध उत्खनन खुलेआम चल रहा है। यह भाजपा सरकार की सच्ची और असली तस्वीर है जिसे अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता खुली आंखों से देख रही और जल्द ही इसका जवाब भी विधायक कमलेश प्रताप शाह को देगी। श्री धीरन शाह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के अंत में कहा कि विधायक निधि सहित अन्य निधियों का उपयोग कमलेश प्रताप शाह क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए नहीं बल्कि उसका दुरुपयोग कर रहे हैं। एक ओर तो योजना से लाड़ली बहनों का नाम काटा जा रहा तो वहीं दूसरी ओर विधायक कमलेश शाह लाड़ली बहनों का नाम जोड़ने का प्रलोभन उनसे फॉर्म भरवाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई जा रही इसका यह ताजा उदारहण है।

## छात्राओं ने बालविवाह के दुष्प्रभावों को जाना




**छिंदवाड़ा।** बाल विवाह भारतीय लोकजीवन की उन्नत तस्वीर पर बदनुमा दाग की तरह है,एक तरफ हमारी सांस्कृतिक चेतना बच्चों में भगवान का अक्स देखती है दूसरी तरफ बाल विवाह, मौजूदा समाज की चेतना में उदासीनता का स्थायी भाव बेहद दुःखद है। हर जिले में बाल विवाह प्रतिषेध कानून के तहत एक अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है जिसे बाल विवाह के मामले में पुलिस की तरह गिरफ्तारी तक के अधिकार प्रावधानित है ।बाल विवाह की सूचना के लिए टोल फ्री नम्बर 181,112, ओर1098 पर दे सकते ,सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता हे । इन सभी विषयो पर जानकारी देने ,महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश शिवहरे के निर्देशन मे जागरूकता कार्यक्रम कन्या शिक्षा परिसर छात्रावास बिछूआ मे किया गया । इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता शयामल राव ने उपस्थित छात्रो को बताया की बाल विवाह प्रतिषेद अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करना एवं करवाना कानुनन अपराध हे । एसा करने वाले व्यक्ति को दो लाख का जुर्माना एवं एक वर्ष की कठोर सजा का प्रावधान हे ,वही सामूहिक विवाह आयोजनों में अगर बाल विवाह की घटनाएं होती है तो आयोजकों के विरुद्ध भी सख्त कारवाई इस कानून के तहत सुनिश्चित की जाती है। बाल विवाह प्रतिषेध कानून भारत के सभी नागरिकों पर लागू है इसलिए कोई सम्प्रदाय विशेष इस कानून से परे होने का दावा कोई नही कर सकता है। महिला एवं बगल विकास परियोजना बिछूआ की पर्यवेक्षक मालती टेंबरे ने बाल विवाह करने के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुये कहा की इन दुष्प्रभाव के कारण हमारे जन्मे बच्चों पर भी बुरा असर देखने को मिलता है, इस बाल अवस्था मे हम अपनी ,शिक्षा ,एवं स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता पर बल देते हुए बाल विवाह पर आधारित पांपलेट दिया गया।

## युवक कांग्रेस ने घोषित की जुन्नारदेव विधानसभा की कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार युवक कांग्रेस ने जुन्नारदेव विधानसभा की कार्यकारिणी घोषित की है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी गोविंद राय, जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके एवं युवक कांग्रेस प्रभारी एकलव्य यहाके की सहमति उपरांत जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष गोलू पटेल व युवक कांग्रेस जुन्नारदेव विधानसभा अध्यक्ष अंकित राय द्वारा जुन्नारदेव विधानसभा की कार्यकारिणी घोषित की गई है जो निम्नानुसार है।

**युवक कांग्रेस दमुआ ब्लॉक की कार्यकारिणी:** दमुआ ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश धुर्वे, दमुआ शहर अध्यक्ष हिरदेश गावंडे, कार्यकारी अध्यक्ष परमवीर सिंह छाबड़ा, प्रफुल मानेराव व अफजल सहमानी नियुक्त किए गए हैं। तराई क्षेत्रीय अध्यक्ष बब्लू नर्रे, रामपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल सोनी, घोड़ावाड़ी, डुंगरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष मयंक धुर्वे, सांगाखेड़ा क्षेत्रीय अध्यक्ष शरबसिंह भोपा एवं घोड़ावाड़ी क्षेत्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मोहित पवार को सौंपी है।

**जुन्नारदेव ब्लॉक युवक कांग्रेस:** योगेश नागेश को जुन्नारदेव ब्लॉक युवक कांग्रेस का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रवीण सिंग को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। रिछेड़ा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय यदुवंशी, पालाचौरई क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय खडसे, हनोतिया क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेश विश्वकर्मा, बिलावरकला क्षेत्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र डेहरिया व दातला-विशाला क्षेत्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अरूण इवनाती को सौंपी है।

**नवेगांव ब्लॉक युवक कांग्रेस:** नवेगांव ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष रोहित बगाहे, नवेगांव क्षेत्रीय अध्यक्ष संजू यदुवंशी, ईलेश धुर्वे को क्षेत्रीय अध्यक्ष खुमकाल, हिरदागढ़ क्षेत्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश यदुवंशी, मनकूघाटी क्षेत्रीय अध्यक्ष रेशम यदुवंशी व घानाउमरी क्षेत्रीय अध्यक्ष रूकमेश युदवंशी व कटकुही क्षेत्रीय अध्यक्ष बबलू कवरेती नियुक्त किए गए हैं।

**तामिया ब्लॉक युवक कांग्रेस:** राजदीप साहू को तामिया ब्लॉक अध्यक्ष, फुलभान कुमरे देलाखारी क्षेत्रीय अध्यक्ष, पंकज परतेती इटावा क्षेत्रीय अध्यक्ष, अमन बरहैया तामिया क्षेत्रीय अध्यक्ष, मोहित अहके लहगडुआ क्षेत्रीय अध्यक्ष व श्रीराम उइके कुर्शीढ़ाना क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

## विलुप्त प्रजाति के उल्लू को बचाने वन्य प्राणी मित्रों की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



विलुप्त प्रजाति के उल्लू को बचाने वन्य प्राणी मित्रो ने की सराहनीय पहल की सोमवार को राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में शाम के समय विलुप्त प्रजाति का उल्लू का नन्हा बच्चा जब कॉलेज परिसर में जमीन पर बैठा दिखाई दिया तो तत्परता से कॉलेज के प्रोफेसर सीताराम शर्मा जी ने अपने कॉलेज के सहयोगी खेल अधिकारी अजय सिंह ठाकुर मुकेश उईके,श्वेता एवं प्रमोद झाड़े दीपक,विनोद निरापुरे सहित अमित दुबे के साथ उसे बचाने पूरे प्रयास में जुट गए।

इस नन्हे से विलुप्त प्रजाति के उल्लू को असहाय देख तुरंत वन्य प्राणी मित्र विनोद तिवारी को फोन से विलुप्त उल्लू के नन्हे बच्चे को संरक्षित करने अनुरोध किया गया। श्री तिवारी ने डिप्टी रेंजर राजेश श्रीवास्तव को जानकारी से अवगत करते हुए स्वयं तुरंत उस विलुप्त प्रजाति के उल्लू के नन्हे बच्चे को बचाने वन विभाग की टीम के साथ तत्परता दिखाते हुए उसका रेस्क्यू किया। जैसे ही सभी को पता चला कि यह विलुप्त प्रजाति का उल्लू का बच्चा अकेला नहीं है इसके साथ इसका पूरा परिवार है ऐसी स्थिति में इस नन्हे उल्लू के बच्चे को उसकी मां के पास सुरक्षित उनके रहवास में रखवा ही उचित समझा और इसे वन विभाग के साथियों के साथ उसके परिवार के पास रखवा दिए। वन्य प्राणी मित्र विनोद तिवारी ने बताया कि इस विलुप्त प्रजाति के उल्लू के बच्चे को उसके परिवार से अलग नहीं किया जा सकता ।भविष्य में इस विलुप्त प्रजाति के उल्लू के पूरे परिवार को वन विभाग के माध्यम से सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ जावेगा जिससे यह भविष्य में संरक्षित हो सके ऐसी विलुप्त प्रजाति के उल्लू का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने दी गुरूनानक जयंती की शुभकामनाएं

**छिंदवाड़ा।** गुरूनानक जयंती के शुभ अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनांए दी है। सांसद श्री साहू ने गुरूनानक जयंती पर दिए गए अपने संदेश में बताया कि श्री गुरूनानक देव सिख धर्म के संस्थापक और दस सिख गुरूओं में से प्रथम थे जिन्हांने धर्म के सिध्दांतों की स्थापना की। गुरूनानक देव ने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अभूतपूर्व बलिदान और योगदान दिया है उनकी शिक्षाएं आज के परिवेश में और अधिक उपयोगी हो गई है। उनकी शिक्षाओं पर चलकर हम आज अपने जीवन को सफल और सार्थक बना सकते है। आज पड़ रही कार्तिक पूर्णिमा को सबसे मंगलकारी दिन कहा गया है। सहयोग से इस दिन आज गुरूनानक जयंती भी मनाई जा रही है। गुरूनानक देव जी के मुख्य उपदेश मानवता,समानता और सत्य के मूल सिध्दांतों पर आधारित है। उन्होंने सिखाया कि ईश्वर एक है और वह हर जीव में विद्यमान है।

## बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान राजस्व अमले के साथ सरपंच उतरी खेतों में



### सरपंच मनीषा नाकतोड़े ने खेतों का किया निरीक्षण, मुआवजे की मांग

**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** लांजी में 25 अक्टूबर से हो रही लगातार भारी बारिश के चलते ग्राम पंचायत मोहझरी के किसानों की धान फसल को भारी नुकसान हुआ है। कई किसानों की कटाई हो चुकी फसल बह गई, जबकि खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है।

इस आपदा से किसान बुरी तरह परेशान हैं और शासन से सहायता की उम्मीद लगाए बैठे हैं। कई किसानों की धान की फसल कटकर खेतों में पड़ी हुई है, जो अब बारिश के पानी में भीगकर सड़ने और अंकुरित होने लगी है।

ग्राम पंचायत मोहझरी की सरपंच मनीषा/संतोष नाकतोड़े ने ग्राम मोहझरी एवं बोरीकला, तेलीटोला, पुजारी टोला, बिंझवार टोला, मरार टोला, बोरी टोला के किसानों को हुए नुकसान की जानकारी राजस्व हल्का पटवारी पारस भगत के साथ 3 नवंबर को गांव पहुंचे और खेतों का दौरा कर नुकसान का निरीक्षण किया।

सरपंच ने किसानों से अपील की है कि जिन किसानों के खेती का अतिवृष्टि एवं कीट व्याधि से धान फसल को हुई क्षति का सर्वे पटवारी से कराएं एवं अपने दस्तावेज भी पटवारी के पास जमा करें। वहीं सरपंच श्रीमती मनीषा/संतोष कुमार नाकतोड़े ने प्रदेश सरकार से विशेष निवेदन किया है कि किसानों को खेती में बहुत नुकसान हुआ है, इसलिए प्रदेश सरकार से निवेदन है कि किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की कृपा करे।

### लाखों दर्शनार्थी पहुंचेगे भगवान श्रीराम के दर्शनार्थ

## रामपायली में कार्तिक पूर्णिमा का मेला आज से होगा प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चरण कमल ग्राम रामपायली राम की नगरी में पडऩे के दिन कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिन से श्री राम बालाजी का भव्य मेले का आयोजन वर्षों से होता आ रहा है। इस मेले का आयोजन शासकीय तौर पर जनपद पंचायत वारासिवनी के तत्वावधान में 7 दिनों के लिए आयोजित होता आ रहा है। 5 नवम्बर से प्रभु श्री राम के त्रिपुर उत्सव के उपरांत यह मेला शुभारंभ 7 दिनों के लिए होगा। जिसमें नगर, क्षेत्र, जिले, प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों से लोग अपने मनोकामना पूर्ण करने वर्ष में एक बार अवश्य आते हैं। जहां भगवान श्रीराम के लिए सर्वप्रथम चंदन नदी के तट पर बैठकर प्रसाद बनाया जाता हैं, जिसे भगवान के समक्ष रख आपस में मिलजुल कर इस प्रसाद को ग्रहण करने की परंपरा वर्षो पुरानी आज भी निरंतर चली आ रही है। जिसका एक पखवाड़ा तक लोग पालन करते हैं और यह मेला अपने चरमो उत्कर्ष के स्वरूप में आ चुका हैं।

इस मेले में कभी भीड़ ना के बराबर होती थी, किंतु अब यह मेला अपने विराट स्वरूप में आ चुका हैं। लाखों की तादाद में आने वाले दर्शनार्थी इस मेले के आनंद उत्सव के लिए वर्ष में एक बार अवश्य परिवार सहित पहुंचकर भगवान श्री राम के चरणों में अपना माथा टेक कर अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। भगवान श्रीराम बालाजी



के समक्ष जो भी भक्त अपनी श्रद्धापूर्वक समस्या रखता है, वह अवश्य पूर्ण होती है और उसे पूर्णावर्ती के लिए वह इस कार्तिक मास के महीने में भगवान को कढ़ाई स्वरूप प्रसाद बनाकर भेंट करता है। यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है, जिसका आगाज आज 5 नवम्बर से प्रारंभ होकर लगातार 10 दिनों तक नियमित रूप से चलेगा।

इस मेले में लगने वाली दुकानों के लिए प्लाटों की नीलामी से जनपद पंचायत की आय में भी भारी इजाफा हुआ है। लेकिन मेला स्थल को बराबर समतल ना किए जाने से कई स्थानों में उबड़ खाबड़ रास्ता दिखाई दे रहा हैं, अनावश्यक होने वाली बारिश के कारण जहां वहां कीचड़ का साम्राज्य भी बना हुआ है। नदी के दूसरे छोर से मेले में आने वाले श्रद्धालुजनों के लिए अस्थायी तौर पर रास्ते का निर्माण नहीं किया जाना भी आम असंतोष का कारण बनते जा रहा हैं। क्योंकि नदी में पानी की धार में कमी तो आई हैं, लेकिन जहां-तहां पुल निर्माण कंपनी ने गहरे-गहरे गड्ढे कर रेत निकाली है। उन गड्ढे में ऐसी कोई संकेतक भी नहीं लगाए गए हैं, जिससे उन रास्तों से अंजान श्रद्धालु ना जा पाए। विदित हो कि 6 महीने पहले रामपायली की एक छात्रा की गहरे गड्ढे में डूबने से मृत्यु हो चुकी हैं। उसके बावजूद पुल निर्माण कंपनी अथवा जनपद पंचायत की ओर से ऐसे दुर्घटना के संकेतक नदियों के उन गहरे गड्ढे के आसपास नहीं लगाए गए हैं, जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुजन सावधानी बरत सके।

बहरहाल कार्तिक पूर्णिमा के भव्य मेले के आयोजन का स्वरूप पुनः एक बार अपने शबाब पर प्रथम दिन से होने का अंदेशा हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के इस ऐतिहासिक मंदिर को जय अंबे साउंड सर्विस द्वारा अति सुंदर विद्युत साज़ सज्जा से सजाया गया हैं, जो मनोहारी दिखाई दे रहा है। आम जनों ने अपनी संयुक्त राय में बताया कि भगवान श्रीराम के इस ऐतिहासिक मंदिर के नाम से नगर में अनेक आयोजन किए जाते हैं, किंतु श्री राम मंदिर को भेंट स्वरूप क्या दिया जाता है? इसका उल्लेख आम घोषणा स्वरूप नहीं किया जाना आम रोष का कारण बना हुआ हैं। जिससे सदैव ऐसे आयोजनों पर संदेह की किरण टिमटिमाते रहती हैं। इस ओर उच्च अधिकारियों को विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है कि मंदिर का संचालन शासकीय तौर पर किया जा रहा हैं।

## अतिवृष्टि से फसल हुई खराब



### सर्वे करवा कर मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर एसडीएम को किसानों से सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश के कारण खेतों में खड़ी व काट कर रखी गई फसल के खराब हो जाने से चिंतित किसानों ने मंगलवार को एसडीएम वारासिवनी कार्तिकेय जायसवाल से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने अतिवृष्टि से कीट व माहू से खराब हुई फसलों का सर्वे करवा कर उचित मुआवजा दिलाये जाने की मॉग की है।

किसानों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार प्राकृतिक आपदा की वजह से अतिवृष्टि व कीट माहू के अधिक प्रकोप होने से खेतों में लगी खरीफ एवं रबी की सरसों की फसल बुरी तरह से प्रभावित हुई है। जिससे किसानों के सामने संकट की घड़ी आ चुकी हैं, वहीं सरकार की गाईड लाईन के अनुसार सिर्फ उन्हीं किसानों को चिन्हित किया जा रहा हैं, जिनका फसल बीमा हैं। ऐसे में जानकारी का अभाव और खेती की व्यवस्था के कारण क्षेत्र के लगभग 80 प्रतिशत किसानों का फसल बीमा नहीं हो पाया है। ऐसे में जिन कृषकों का फसल बीमा नहीं हो पाया हैं, उन किसानों की फसलों का भी सर्वे करवा कर उचित मुआवजा उन्हें प्रदान किया जाये।

### डिजिलॉकर और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की उपयोगिता पर चर्चा

## शासकीय महाविद्यालय लांजी में राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज लांजी ।

शासकीय महाविद्यालय लांजी में 3 नवंबर 2025 को एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार का विषय ₹युवाओं के लिए डिजिलॉकर और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की उपयोगिता₹ था।

कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम अध्यक्ष सह प्राचार्य प्रो. आर. आर. सोनवाने द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए सामूहिक सरस्वती वंदना के साथ की गई।

कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र चिखले ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, अतिथि विशेषज्ञों का परिचय, डिजिलॉकर एवं एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट विषय का संक्षिप्त विवरण एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए डिजिलॉकर एबीसी आईडी की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इस वेबीनार के प्रमुख वक्ता डॉ. वैभव पाटिल, सहायक प्राध्यापक, डी. डी. वाई. पाटिल बी-स्कूल, पुणे महाराष्ट्र थे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संकल्पना, डिजिटल भारत एवं विकसित भारत 2047 विषय पर



विस्तृत जानकारी प्रदान की।

श्री अभिनव शर्मा, जोनल समन्वयक, डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन, भारत सरकार ने डिजिलॉकर और एबीसी आईडी की उपयोगिता विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने 42 अंकीय एपीएआरआईडी (एक छात्र, एक आईडी) विषय पर पीपीटी के माध्यम से चार्ट के द्वारा सभी प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अक्षय मंगवाने, राज्य समन्वयक, डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन, मध्य प्रदेश ने एबीसी आईडी के बनाए जाने की प्रक्रिया पर पीपीटी के माध्यम से प्रायोगिक चित्रण प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसकी विशेष महत्ता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

इस एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार के सफल क्रियान्वयन में महेंद्र तलवरे, सहायक प्राध्यापक, हिंदी, डॉ. ललित कामड़े, साहेबलाल ऐड़े, श्री महेश दमाहे, श्री आर. आर. टिकेश्वर, श्रीमती स्वाति पशीने, सुश्री जया कछवाहे, ज्ञानदेव कुशले, वैभव मुरकुटे, एवं समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

### मोहम्मद सईदुद्दीन ने 4 था, मोहम्मद साद ने 12वां और नुरुल हुदा ने पाया 20 वां स्थान

## ऑल इंडिया स्पीच प्रतियोगिता में मौलाना आजाद एजुकेशन डोंगरिया के तीन छात्रों ने पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी तहसील अंतर्गत छोटे से कस्बे डोंगरिया ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा को मंच की नहीं, अवसर की जरूरत होती है। ऑल इंडिया ऑनलाइन स्पीच प्रतियोगिता बज्मे वस्तानवी में मौलाना आजाद एजुकेशन सोसाइटी डोंगरिया के तीन विद्यार्थियों ने देश भर के सैकड़ों प्रतिभागियों में बाजी मारते हुए टॉप 20 में अपना स्थान सुरक्षित किया है।

प्रतियोगिता का आयोजन देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान जामिया इस्लामिया इशातुल उलूम अक्कलकुवां की सरपरस्ती में किया गया था। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के खंडवा जिले की ब्रांच द्वारा ऑनलाइन आयोजित की गई, जिसमें देश भर से सैकड़ों



प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के परिणाम 3 नवम्बर 2025 की शाम घोषित किए गए, जिसमें मोहम्मद सईदुद्दीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान, मोहम्मद साद ने 12 वां स्थान और नुरुल हुदा ने 20 वां स्थान हासिल कर संस्था और जिले का नाम रोशन किया। तीनों छात्र मौलाना आजाद उर्दू हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरिया में कक्षा 12 वीं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थी हैं और साथ ही संस्था के मदरसे में पवित्र कुरान का हिफ्ज़ कंठस्थ अध्ययन भी कर रहे हैं।

इस परिणाम की घोषणा होने पर डोंगरिया और आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। संस्था के शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने छात्रों और संस्था को बधाईयॉ दी। सोशल मीडिया पर भी छात्रों के सम्मान में बधाई संदेश दिए गए। संस्था के संचालकों ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और संस्था की शिक्षा.परंपरा का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी यहां के छात्र इसी तरह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता के झंडे गाड़ेंगे।

मौलाना आजाद एजुकेशन सोसाइटी डोंगरिया बालाघाट जिले में शिक्षा और संस्कार दोनों के समन्वय के लिए जानी जाती है। यहाँ विज्ञान, आधुनिक शिक्षा और धार्मिक अध्ययन का अनूठा संगम देखने को मिलता है और यही कारण है कि यह संस्था लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है।

## खबर संक्षेप

### श्याम बाबा का अवतरण दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई विकास खंड के ग्राम पंचायत छीतापार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को खाटू वाले श्याम बाबा का अवतरण दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्याम परिवार के युवा सदस्य विशेष उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान मंदिर में श्याम बाबा के छायाचित्र की स्थापना, पूजा-अर्चना एवं हनुमान चालीसा पाठ से किया गया। इसके पश्चात भक्तों ने सामूहिक आरती की और बाबा का जन्मोत्सव मनाते हुए केक काटा।

### छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए चलित रोबोट और नवीन वैज्ञानिक मॉडल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले की अग्रणी शैक्षणिक संस्था उदय पब्लिक स्कूल, सिवनी (स्व. श्रीमती वदनबाई-जतनबाई मालू मेमोरियल सोसाइटी द्वारा संचालित) में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा एवं सृजनशीलता को प्रोत्साहित करने हेतु विज्ञानोदय 2025 विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने 250 से अधिक वैज्ञानिक प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों ने वन्य जीवों, जलीय जीवों, फलों, सब्जियों, पारिवारिक जीवन, कम्युनिटी हेल्पर्स के माध्यम से आधारभूत विज्ञान को सरल रूप में प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों ने व्हीट स्टोन ब्रिज, विद्युतचुंबकीय प्रेरण, स्मार्ट सिटी, सौर एवं पवन ऊर्जा संयंत्र, जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, कार्यशील रोबोट्स, टेस्ला कॉइल, राडार सिस्टम, ट्रैफिक अलार्म, आपदा प्रबंधन आदि।

### पिछले 2 वर्ष से फरार चल रहे 1 स्थाई वारंटी कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम एवं फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार स्थाई वारंटियों की लगातार धरपकड़ की जा रही हैं। इसी क्रम में 01 स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया जिसमें स्थाई वारंटी महेश उइके जो गैर इरादतन हत्या के मामले में विगत 02 वर्ष से फरार था जिसे कचहरी चौक सिवनी से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं। गिरफ्तार आरोपीः- 1. महेश उइके पिता गौतम सिंह उइके उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम कोसमी थाना बरघाट जिला सिवनी। सराहनीय कार्यः थाना प्रभारी कोतवाली श्री सतीश तिवारी, सुजानसिंह बघेल, आर. सैनिक मोहम्मद वकील की विशेष भूमिका रहीं है।

### राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गायन से हुई माह की शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माह के प्रथम कार्यदिवस की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुई। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की उपस्थिति में अधिकारी एवं कर्मचारी पंक्तिबद्ध होकर शामिल हुए और अनुशासित वातावरण में राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सामूहिक गायन किया। आयोजन से सभाकक्ष में देशभक्ति, अनुशासन और एकता का वातावरण निर्मित हुआ, जिससे माह का शुभारंभ हुआ।

# रनवन टोला के निवासियों ने सड़क, पेयजल और स्वच्छता हेतु ज्ञापन सौंपकर की मांग

## नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर टोला वासियों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग

छपारा :- नगर परिषद छपारा के अंतर्गत वार्ड नंबर 15 शिवाजी वार्ड के ग्राम रनबन टोला के वासियों ने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर सड़क,पेयजल और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर एक लिखित आवेदन सौंपा। यहां के निवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से इन सुविधाओं से वंचित हैं। ज्ञात हो कि रनबन टोला की बडी संख्या में महिलाएं अपनी दिहाड़ी मजदूरी छोड़ 5 नवंबर को ज्ञापन देने नगर परिषद कार्यालय पहुंची थी। उन्होंने नगर परिषद छपारा की प्रभारी सीएमओ गीता बाल्मीकि को ज्ञापन सौंपा, इस अवसर पर शिवाजी वार्ड के पार्षद एवं नगर परिषद छपारा उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकांत सिंह भी मौजूद रहे।



**आखिर क्या है मामला**

विदित हो कि उक्त रनबन टोला, एक तरफ बैनगंगा नदी के किनारे वहीं दूसरी ओर एन एच-44 फोरलेन के पास बसा है, साथ ही एक ओर दिशा में निजी भूमि स्वामियों की खेती लगी हैं, इस परीस्थिति के चलते रनबन टोला के वासियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए नगर परिषद छपारा का सहारा है जिस ओर वह आस लगाए बैठे हैं। साथ ही यहां वासियों ने बताया कि टोला में लगभग 500 मीटर दूरी की सीमेंट रोड हाल ही में नगर परिषद द्वारा बनाई गई है वह सड़क अनुपयोगी है, क्योंकि वह फोरलेन सड़क तक को पहुंचती और फोरलेन सड़क से नगर तक पहुंचने में तीन किलोमीटर का लंबा घुमाव पड़ता है इसके साथ ही रांग साइड आने जाने से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है एवं महिला,स्कूली छात्राओं एवं छोटे बच्चों के अकेले आने जाने को लेकर हमेशा अनहोनी घटना का डर बना रहता है।

**शुद्ध पेयजल की समस्या**

टोला में एक वर्ष पूर्व ही जल-जीवन मिशन के तहत लगभग 57 लाख रुपये की लागत से पेयजल आपूर्ति के लिए नलकूप खनन कर पाइप लाइन और एक टंकी लगाई गई थी। लेकिन निवासियों के अनुसार सिर्फ एक माह तक ग्रामीणों को ही पानी मिला और नलकूप धसक गया व टंकी का पानी रिसने से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प पड़ी हुई है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार उक्त कार्य का टेंडर अनुश्का कंस्ट्रक्शन कंपनी ग्वालियर द्वारा पीएचई विभाग ने करवाया गया और एक वर्ष पूर्व नगर परिषद छपारा को हेंड ओवर कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़ी सरकारी धनराशि खर्च होने के बावजूद सड़क और दूसरे पेयजल विकल्प नहीं होने से पेयजल की भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

**सीएमओ ने दिया आश्वासन :-** मंगलवार को ज्ञापन दिए जाने के बाद, प्रभारी सीएमओ गीता बाल्मीकि ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उक्त मामले में दिए गए आवेदन के आधार पर सबसे पहले मौके पर जाकर वह निरीक्षण करेंगी और समस्याओं को दूर करने के साथ-साथ सड़क और पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक कदम उठाएंगी।

# छपारा शिक्षक राजनारायण तिवारी ने खुद को किया आग के हवाले, नागपुर रेफर

**सिवनी/ छपारा।** जिले के छपारा विकासखंड के भीमगढ माध्यमिक स्कूल में पदस्थ शिक्षक राज नारायण तिवारी ने हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल पर क्चरुह्न के काम का दबाव बनाने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए खुद को आग के हवाले कर लिया। जिन्हें गंभीर हालत में छपारा अस्पताल में लाकर भर्ती कर, जिला अस्पताल सिवनी व यहां से उन्हें नागपुर उपचार के लिए ले जाया गया है। जहां घटना की जांच में छपारा पुलिस जुटी है। वही तहसीलदार ने पहुंचकर शिक्षक के बयान भी दर्ज किए हैं।

स्कूलों के शिक्षकों से शिक्षण कार्य के अलावा भी शासन-प्रशासन तरह-तरह के काम ले रही है। हालात ये हैं कि काम के बढ़ते बोझ और अधिकारियों की लगातार कार्रवाई की चेतावनी से शिक्षक तनाव में हैं। सोमवार को भीमगढ़ के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्राचार्य और शिक्षक के बीच बीएलओ के काम को लेकर हुए विवाद के बाद तनाव में आए शिक्षक ने खुद को आग के हवाले कर दिया।

इस घटना के बाद जिले में शिक्षकों के बीच शिक्षकीय और गैर-शिक्षकीय कार्य कराए जाने को लेकर बहस छिड़ गई है। बता दें कि छपारा विकासखंड के भीमगढ़ हायर सेकंडरी स्कूल में सोमवार शाम चार बजे उस वक्त हडक़ंप मच गया, जब वहां के माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक राज नारायण तिवारी स्कूल मैदान में आग से धधकते हुए नजर आए। उन्होंने अपने आप को बचाने के लिए भृत्य को आवाज



दिया, तब उसने दौडक़र अपने गमछे की मदद से आग को काबू करने की कोशिश की। इसके बाद चीख-पुकार सुनकर अन्य कक्षों में मौजूद शिक्षक निकलकर आए और उन्हें बचाने की कोशिश की गई। पानी डाला गया, जैसे-तैसे आग बुझाकर झुलसे शिक्षक को छपारा अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार शुरु हुआ। जानकारी पाकर नायब तहसीलदार रामसेवक कौल और पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर बयान दर्ज किए हैं। शिक्षक की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल सिवनी रेफर किया गया है।

शिक्षक ने प्राचार्य पर आरोप लगाए हैं कि बीएलओ के काम के लिए चेंबर में बुलाकर दबाव बनाया जा रहा था। वहीं शिक्षक के छोटे भाई अधिवक्ता आनंद नारायण तिवारी ने बताया कि शिक्षक तिवारी कई दिनों से प्राचार्य की प्रताडऩा की बात कर रहे थे। फिलहाल छपारा पुलिस इस घटना की जांच कर रही है। आग कैसे लगी, इसकी जांच की जा रही है। शिक्षक के भाई ने बताया कि के राष्ट्रीय जनगणना में भी सराहनीय सहयोग के लिए शिक्षक को पूर्व में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, वे कार्य के प्रति समर्पित रहे हैं, लेकिन जिस तरीके से उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा था, उससे परेशान होकर उन्होंने इस तरीके का कदम उठाया है, फिलहाल पुलिस इस मामले के हर पहलुओं की जांच में जुटी है।

इस मामले में प्राचार्य राकेश डहेरिया का कहना है कि मैंने शिक्षक से कुछ कहा ही नहीं है। जो काम के प्रति लापरवाह हैं, मैं उनसे बात ही नहीं करता हूं। जो भी घटनाक्रम हुआ है, उसमें सभी पक्षों को निष्पक्षता से सुना जाना चाहिए। बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम ने जिले में शिक्षकों में बड़ी बहस छेड़ दी है। हालांकि शासकीय कार्य आदेश के विरोध में कोई भी खुलकर बोलने की स्थिति में नहीं है।

# मोहन यादव सरकार तत्काल धान और गेहूँ खरीदी शुरू करें, किसानों के दुख दर्द को समझेः मरावी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार ने प्रदेश के किसानों की फसल क्रय किये जाने को लेकर हाथ खड़े कर दिये है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय खाद एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को पत्र लिखकर साफ कर दिया है कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों की फसल क्रय करने में असमर्थ है।

केन्द्रीय मंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कारण बताया कि प्रदेश में उपार्जन पिछले वर्षो में बढक़र गेहूं में 77.74 लख मेट्रिक टन एवं धान में 43.49 लाख मेट्रिक टन हो गया है। स्कंध के निराकरण में अत्याधिक समय लग रहा है, साथ ही वास्तविक लागत की प्रतिपूर्ति केन्द्र शासन के प्रावधानिक एवं अंतिम लागत पत्रकों से नहीं होने, आदि कारणों से राज्य को विकेन्द्रीकृत उपार्जन योजना संचालन में काफी वित्तीय हानियॉ हो रही है। यह उल्लेखनीय है कि उक्त उपार्जन योजना में बैंको से ली गई उधार राशि रूपये 72.177 करोड़ है। इसके पुर्नभुगतान में काफी समस्या हो रही है। नरेश मरावी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकारों ने मध्यप्रदेश को अत्यधिक कर्ज में डुबो दिया है, जब किसानों की फसल को क्रय करने की बात आई तो, चुनावो में बड़े-बड़े वादे कर किसानों के वोट से सत्ता प्राप्त करने वाली भारतीय जनता पार्टी अपने हर वादे से मुकर गई है। बड़े-बड़े कार्यक्रमों में करोड़ो रूपय खर्च होते है उस समय आपको कर्ज की बात क्यो याद नही आती, अतिवृष्टि से किसान वैसे भी पीड़ित है यदि राज्य सरकार समय पर किसानो की फसल खरीदी नहीं करती तो किसान कर्ज में डूब जाएगा और व्यापारी इसका नाजायज लाभ लेगा। मोहन यादव सरकार से निवेदन है कि वह तत्काल धान और गेहूँ खरीदी शुरू करें, किसानों के दुख दर्द को समझे।

# विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भोपाल में 11 नवंबर 2025 को सरपंचों का महासम्मेलन मध्य प्रदेश पंचायत परिषद की बैनर तले महासम्मेलन होने जा रहा है इसी तारतम में प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह सिंगर के द्वारा केवलारी में विशाल बैठक का आयोजन किया गया एवं अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम सभी सरपंचों ने सोपे ज्ञापन।

**सरपंचों की विभिन्न मांगे :** मनरेगा की मजदूरी 500 प्रतिदिन की जाए एक हफ्ते में भुगतान किया जाए और कार्य दिवस 200 दिन किया जाए जिससे पलायन रोका जा सके, खेत सडक़ पक्की पुल पुलिया निर्माण पर लगी रुको तुरंत हटाई जाए ग्राम पंचायत में 25 लाख तक की स्वीकृति की परमिशन जनपद स्तर पर किया जाए जिला पंचायत



सदस्य की राशि बढक़र 30 लाख रुपए प्रतिवर्ष ,जनपद सदस्य की राशि 15 लाख रुपए प्रति वर्ष की जाए ,पंचों का मानदेय बढ़ाया जाए, पंचायती राज अधिनियम 1993 लागू की जाए, मनरेगा में उपयांत्रियों की हड़ताल के कारण संपूर्ण कार्य बंद है शासन स्तर पर उपयंत्रिओ की मांग को निराकरण करते हुए काम पर लौटाया जाए जनता में बहुत आक्रोश है, किसानों को हितों का ध्यान रखते हुए मक्का का समर्थन मूल 2400 में खरीदी की जाए, नेहरो की साफ सफाई जल्द से जल्द कराई जाए, ग्राम पंचायत में संचालित सभी नल जल योजना में सौर ऊर्जा लगाई जाए जिससे बिजली बिलों से ग्राम पंचायत को निदान मिले सके।

इस कार्यक्रम में केवलारी जनपद अध्यक्ष रणजीत सिंह ठाकुर ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष राजेश पटेल बरघाट से जितेंद्र रांगडाले , भूपेंद्र परिधी , विनोद बिसेन , बंटी कटरे ,राजेंद्र सांरते , तोप सिंह इनवाती ,जनपद सदस्य तरुण सोनवानी ,भूपेंद्र चंदेश्वर, रामलाल उईके ,प्रीतम मसराम एवं प्रदेश महामंत्री अशोक शांडिल्य जी,सरपंच अर्जुन राय, रामकुमार बसगोटिया, गणपत लाल माथे , सोनम देशमुख ,विजय उईके मेहतराम ठाकरे ,रमाशंकर उईके , संतोष ठाकुर , सुरेश कंगाले, लक्ष्मी चौधरी ,संजूलता भारद्वाज ,रीता सिंह ,छाया पंद्रे ,गीता वंशकार ,प्रीति तिलेश्वर ,आनंद राव जांघेल , चंद्रभूषण बिसेन , सकून परते ,पुष्प लता पचाटे, संगीता उईके, रीना साहू , हरलाल साहू , मीराबाई, कलीम खान, भूपेंद्र चंदेश्वर ,अनक लाल ,धूलेश्वर दोना ,अनीता कुसरे , पिंकी राजपूत ,सरदार सिंह आदि सरपंचों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ

# श्रीमती संध्या तोमर को भावभीनी विदाई दी

**सिवनी।** श्रीमती संध्या तोमर 40 वर्ष की सेवाएं देने के उपरांत मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संभागीय कार्यालय सिवनी से अनुभाग अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुई दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को श्रीमती संध्या तोमर को कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भाइयों बहनों ने भावभीनी विदाई देकर उनका अभिनंदन करते हुए थे हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

ज्ञात होगी श्रीमती तोमर वर्ष 1985 से लगातार 2025 तक विद्युत वितरण के सिवनी कार्यालय में कार्यालय सहायक श्रेणी 3 से अनुभाग अधिकारी तक का लंबा सफर तय किया अपने मिलनसार स्वभाव और कर्मठ कार्यशैली होने के कारण वे सदैव सफल कर्मचारियों के रूप में चिन्हित हुई है ।इस अवसर पर शिवानी के कार्यपालन अभियंता श्री सुभाष राय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्हें कंपनी के प्रतीक चिन्ह शाल श्रीफल से सम्मानित किया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति अतिरिक्त मुख्य अभियंता



श्री सोनवान की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही कार्यालय के सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान करते हुए प्रतीक चिन्ह दिया ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ सेवानिवृत्ति संघ के अध्यक्ष श्री नरेश कुमार मिश्रा ने विदाई समारोह का संचालन करते हुए उनके कार्यकाल का वर्णन करते हुए भावभीनी विदाई दी गई इस अवसर पर श्रीमती तोमर के परिवार से उनकी माता जी की विशेष उपस्थिति रही कार्यक्रम के दौरान उन्हें पुष्प भेंट करके अभिनंदन किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती तोमर ने कहा कि कि उन्हें सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ जनों का जो सहयोग प्राप्त हुआ है उसके लिए मैं सदैव आभारी रहूंगी आप सबके सहयोग से ही मेरा यह कार्यकाल सफल रहा है ।ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि मध्य प्रदेश विद्युत मंडल की यह कंपनी उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए अपने विद्युत के कार्य में सफल रहेगी ।विदाई समारोह के पश्चात उन्हें बैंड बाजे के साथ एल आई बी चौक स्थित उनके निवास स्थान पर सम्मान पूर्वक विदा किया गया।

# 6 साल 3 माह में तिगुनी राशि लौटाने की चलाई स्कीम, संचालकों और डॉयरेक्टरों को हुई सजा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

माननीय अपर सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण कुमार वर्मा ने अभियुक्तगण(1) रघुवीरसिंह राठौर, पिता गंगासिंह राठौर उम्र 50 वर्ष निवासी-गावडी देवसी, थाना भाटपचलाना, जिला उज्जैन(2) धर्मेन्द्र सिंह पिता नरेन्द्र सिंह सोनगार, उम्र 45 वर्ष निवासी-शिक्षक कॉलोनी बडनगर उज्जैन (3) राजेन्द्र सिंह पिता रामसिंह सिसोदिया, उम्र 48 वर्ष, निवासी-जमुनिया शंकर, थाना बरखेडा, जिला रतलाम (4) जगदीशचंद्र व्यास पिता लक्ष्मी नारायण, उम्र 47 वर्ष, निवासी-कराडिया, थाना बरखेडा, जिला रतलाम म.प्र. निवासी इन सभी को धारा 420/34 भा.द.वि. में 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10,000 रूपये अर्थदंड, धारा 406/34 भादवि में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदंड, धारा-3 म.प्र. निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 में 03 माह का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदंड, धारा -6 म.प्र. निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 में 06 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50,000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया है। घटना इस प्रकार है कि फरियादी सुनील पिता दफेलाल ठाकरिया द्वारा दिनांक 25.01.2011 पुलिस अधीक्षक सिवनी को शिकायत किया था ,की आरोग्य धन वर्षा डेवल्वर्स एंड एलाइड लिमिटेड ज्यारत नाका, सिवनी के संचालक और डायरेक्टर के द्वारा 06 वर्ष 3 माह में तिगुनी राशि लौटाने की स्कीम चलाई थी उक्त स्कीम में उसके पिता दफेलाल ने एक लाख तीन हजार रूपये तथा चाचा जेठूलाल ने 98 हजार 3 सौ रूपये अरोग्य धन वर्षा डेव्लपर्स एवं एलाईड लिमिटेड कार्यालय ज्यारत नाका सिवनी में राशि जमा की थी, वह राशि 6 वर्ष 3 माह पूरे होने पर तिगुनी मिलनी थी , उक्त अवधि पूर्ण होने पर संपर्क किया गया, जिस जगह में कंपनी का कार्यालय स्थित था, कंपनी का कार्यालय बंद होकर कंपनी के संचालक कहीं चले गये। एंजेंटों से संपर्क करने पर यह आश्वासन देते रहे कि जमा की गई राशि आज मिलेगी, कल मिलेगी तथा आज तक नहीं मिली। इस तरह से कंपनी के संचालक एवम डॉयरेक्टर द्वारा बेईमानी छल कपटपूर्वक राशि जमा करवाकर धोखाधडी कर लिये है।

लिखित शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में पदाधिकारी आरोग्य धन वर्षा डेव्लपर्स एण्ड एलाईड लिमिटेड शाखा के विरूद्ध अपराध क्र.-482/17 अंतर्गत धारा 420, 406 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट प्र.पी.-38 दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की सम्पूर्ण विवेचना में आरोग्य धन वर्षा डेवलपर्स एण्ड अलाईड लिमिटेड के संचालकों आरोपीगणों के विरूद्ध विवेचना की कार्यवाही पूर्ण कर विचारण हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रट सिवनी के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जिसमें शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नवल किशोर सिंह ने माननीय न्यायालय में पैरवी करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत किये जिससे सहमत होते हुए माननीय न्यायालय ने अभियुक्तगण को सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है।

# आज सीलादेही पहाड़ी में होगा अन्नपूर्णा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शहर से करीब छह किमी दूर सीलादेही पहाड़ी स्थित धार्मिक व पर्यटन तीर्थ माता वैष्णवीदेवी में कार्तिक पूर्णिमा पर 5 नवंबर बुधवार को मां अन्नापूर्णा का विशेष पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर समिति व क्षेत्रवासियों द्वारा हवन-पूजन के साथ ही मां अन्नापूर्णा को 56 भोग लगाकर सभी के अन्ना भंडार भरने की कामना की जाएगी। दोपहर 12 बजे से मां अन्नपूर्णा का महाप्रसाद का वितरण करने के साथ ही भंडारा प्रारंभ होगा जो देर शाम तक जारी रहेगी। श्रीवैष्णवी देवी पहाड़ी पर चल रहे 18 दिवसीय मां अन्नपूर्णा महोत्सव के तहत विविध धार्मिक अनुष्ठान जारी हैं। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील नगरवासियों से की है। साथ ही भक्तों से आग्रह किया है कि जो भक्त मां अन्नपूर्णा को अन्न भोग लगाना चाहते है वह पूजा से पहले अपना भोग मंदिर में लाकर दे सकते हैं, जिसे पूजा के बाद मां अन्नपूर्णा को लगाया जाएगा।

**मेला का आनंद ले सकेंगे श्रद्धालु**

अन्नपूर्णा महोत्सव पर हवन पूजन, भंडारे व अन्य धार्मिक आयोजन के साथ पूर्ण होगा। प्राकृतिक सौंन्दर्य से परिपूर्ण सीलादेही की मनोरम पहाड़ी में हर साल की तरह यहां भक्तों के लिए मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां वैष्णोदेवी धाम पहुंचकर मां का आर्शीवाद लेने पहुंचते हैं।

# पैदल चलनें से मानसिक संतुलन ठीक रहता है

**सिवनी।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मन्दिर सिवनी मध्य प्रदेश में विराजमान महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में 4 नवंबर 2025 को नंदीश्वर विधान के अंतर्गत मांगलिक क्रियाएं संपन्न की गई। मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज के कैशलोंच संपन्न हुए,इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि पैदल चलनें से मानसिक संतुलन ठीक रहता है, नींद अच्छी आती है, शुगर कंट्रोल होती है,चिड़चिड़ापन कम होता है,मोटापा नियंत्रित रहता है, फेफडे मजबूत होते हैं, हार्ट सही कार्य करता है भोजन पचता है,गैस नहीं बनती,थकान दूर होती है,खून शुद्ध होता है,बुद्धि तेज होती है, हड्डियां मजबूत होती है, आत्मविश्वास बढता है, बल बढता है, त्वचा रोग नहीं होते, वात पित कफ नियंत्रण में रहते हैं,भोजन के पश्चात नित्य 300 कदम पैदल चलने से पेट के रोग नहीं होते और मनुष्य की आयु बढ़ती है, पत्थरों पर नंगे पांव चलने से शरीर में रक्त सुचारू रूप से संतुलित होता है, पैरों के तलवे में रक्त को परिसंचरण करने के लिए सूक्ष्म पम्प होते हैं जिससे रक्त शरीर के हर अंग में जाता है,सूर्य के प्रकाश में नित्य एक घंटा पैदल चलने से डाइबिटीज नहीं होती, ऋषि- मुनियों का सबसे बड़ा योग पैदल चलना है। भगवानश्रीराम 14 वर्ष लक्ष्मण के साथ वनों में पैदल घूमें, पांडवों ने जीवन पर्यन्त पैदल चलकर अनेक सिद्धियां प्राप्त की थी,पैदल चलें खूब चलें और रात्रि को पैरों की मालिश अवश्य करें,पैदल चलने वालों की इच्छा शक्ति बलवती होती है,पैर ईश्वर ने पैदल चलने के लिए ही दिए हैं, पैदल चलते रहने से सभी जंगली जीव अनेक रोगों से बचे रहते हैं,पक्षियों के पूरे शरीर में जो महत्व पंखों का है, वहीं पैरों का महत्व शरीर के लिए है,पैदल चलने से शरीर गर्म रहता है,पैदल चलते रहने से बहुत से लोग बड़े बड़े विचारक और दार्शनिक बन गये,पैदल चलना ही जीवन है,पैदल चलें चलते रहें और सबको चलाते रहे।

# बिना वैध पंजीयन, लाईसेंस के संचालित वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश

**सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई सहित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए संतुष्टी से बंद करवाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सीएम मॉनिट एवं सीपी ग्राम पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों को भी त्वरित रूप से निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये है। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने राजस्व विभाग अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, अभिलेख सुधार एवं बंटवारे सहित अन्य लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री से छूटे हुए किसानों को चिन्हांकित कर त्वरित रूप से फार्मर रजिस्ट्री कार्यवाही को कराने के निर्देश दिये हैं। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने धान एवं कोदो-कुटकी उपार्जन पंजीयन की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने पंजीयन की अंतिम तिथि के पूर्व सभी पात्र किसानों को पंजीयन पूर्ण कराने के निर्देश कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने नरवाई प्रबंधन के लिए मैदानी स्तर पर सीडर, हैपी सीडर, रोटावेटर के साथ मोबाईल श्रीडर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को किसानों से सतत संपर्क स्थापित कर उन्हें नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान की जानकारी देकर उसके प्रबंधन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देने के लिए निर्देशित किया है।

धान खरीदी पर कड़ी निगरानी रखने और बेहतर व्यवस्था बनाने पर की गई चर्चा

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए उपार्जन समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में 04 नवंबर को जिला उपार्जन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान सभी केन्द्रों पर कड़ी निगरानी और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।



बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों पर सतत निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि खरीदी प्रक्रिया की सही और कड़ाई से निगरानी की जा सके। खरीदी केंद्र से ही बारदानो की जांच एवं गुणवत्तायुक्त बारदाने किसानो को वितरण की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। जिससे किसानो को समय पर बारदाने उपलब्ध कराये जा सके। बैठक में समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली धान की मिलिंग के लिए मिलर्स से समय पर अनुबंध कराने के निर्देश दिये गये। धान खरीदी के दौरान तौल के लिए धरम कांटों की जांच कर सत्यापन करने एवं उनकी सटीकता सुनिश्चित करने कहा गया।

बैठक में कोदों कुटकी के पंजीयन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि बैहर-बिरसा एवं परसवाड़ा क्षेत्र में मंडई मेंलों में शिविर लगाकर किसानो का पंजीयन कराया जाये। किसानों को रबी सीजन में सरसों और अलसी लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए।

13 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 18 गैस सिलेण्डर जब्त किये गए

# खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने लामता, चांगोटोला, भोण्डवा, पचपेढ़ी में की छापामार कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

घरेलू उपयोग के गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग रोकने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के दल ने 04 नवम्बर को लामता, चांगोटोला, भोण्डवा, पचपेढ़ी में 13 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्यवाही कर 18 गैस सिलेण्डर जब्त किये है। इन प्रतिष्ठानों के संचालको के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किये जा रहे है।



जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि 04 नवम्बर को कनिष्ठ आपर्ति अधिकारियों के दल द्वारा लामता में पूजा मिष्ठान, लिल्हारे हॉटल, लक्की टी-स्टॉल एंड चायनिज सेंटर से एक-एक, राणा एग्ज सेंटर, महाराजा रेस्टारेंट व ओम साई राम जलपान गृह से 02-02 तथा कान्हा स्वीट्स सेंटर से 03 गैस सिलेण्डर जब्त किये गए है। इसी प्रकार भोंडवा में शिजरा चिकन बिरयानी सेंटर, केजीएन हॉटल, मउ-चांगोटोला में दीपक चिकन सेंटर, लक्की होटल एवं पचपेढ़ी में महामाया हॉटल व स्पेशल पोहा स्पेशल चाय सेंटर से 01-01 गैस सिलेण्डर जब्त किये गए है।

इन प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किये जा रहे है। यह कार्यवाही नायब तहसीलदार लामता श्री डीएस मरावी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पहल सिंह वलाडी, राजस्व निरीक्षक एमके पटेल व श्री किशोर उईके तथा पुलिस टीम के द्वारा संयुक्त रूप से की गई है। खाद्य सामग्री तैयार करने एवं विक्रय करने वाले सभी होटल एवं रेस्टारेंट संचालकों से कहा गया है कि वे अपने प्रतिष्ठान में लाल रंग के घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग न करे। अन्यथा उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। व्यावसायिक उपयोग के लिए नीले रंग का गैस सिलेण्डर क्रय करें।

उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने अतिथि शिक्षक निरंजन यादव को तत्काल सेवा से हटाने के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा था पत्र

# अपराधिक प्रकरण में लिप्त अतिथि शिक्षक को पद से हटाया





हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Satpura Bhoomi - 28 Oct 2025 - Page 4
पूर्व में फर्जी दस्तावेज से नौकरी करने के चलते जेल की हवा खा चुका है निरंजन यादव
सड़क दुर्घटना करने वाले अतिथि शिक्षक निरंजन यादव को कार्य से तत्काल हटाया जाए : हेमंत साहू




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विकासखंड बिरसा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में कार्यरत अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के ऊपर शिक्षा विभाग ने अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।अतिथि शिक्षक निरंजन यादव हाल ही में सड़क दुर्घटना के एक अपराधिक प्रकरण में लिप्त पाया गया था।जिसकी शिकायत जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के प्राचार्य को लिखित रूप में की गई थी।ज्ञात हो कि शराब के नशे में अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के द्वारा अपनी वाहन अर्टिगा सीजी 04 पीपी 4765 चलाते हुए सड़क पर 5 लोगों को टक्कर मार दी थी।जिसमें 13 वर्षीय बालक आयुष पिता बब्लू खैरवार निवासी ग्राम कनिया की मौके पर ही मौत हो गई थी और 8 वर्षीय बालक सहित 4 अन्य घायल हो गए थे।जिनमें नितेश पंचतिलक,छत्रपाल श्रीवास,दिव्या कावरे,सुमित्रा मानेश्वर आदि अन्य गंभीर रूप से हुए हैं,घायलों का इलाज चल रहा है।थाना बिरसा में अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 281,125(1),106 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के द्वारा लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए मानव जीवन को खतरा में डाला गया।

इससे पूर्व भी अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया जा चुका है।पूर्व में कूट रचित दस्तावेज के आधार पर निरंजन यादव द्वारा वर्ष 2009-10 में संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 के पद पर कार्य किया जा रहा था।जिनकी नियुक्ति प्राथमिक शाला भीमडोंगरी विकासखंड बिरसा में हुई थी।जांच उपरांत निरंजन यादव के दस्तावेज अवैध एवं असत्य पाए गए थे।जिसके चलते उन्हें पद से हटाते हुए कानूनी कार्यवाही की गई थी।दिनांक 04 अक्टूबर 2025 को अतिथि शिक्षक निरंजन यादव के द्वारा लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए दुर्घटना किया गया।दुर्घटना के बाद भी अतिथि शिक्षक निरंजन यादव को अपनी इस अमानवीय घटना पर कोई पश्चाताप नहीं था।उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा इस प्रकार से अपराध में लिप्त अतिथि शिक्षक को तत्काल हटाने के लिए पत्राचार किया गया था।जिस पर विभाग द्वारा उचित कार्यवाही की गई।विभागीय अधिकारियों ने कहा कि शिक्षक समाज में आदर्श प्रस्तुत करने वाला होता है,ऐसे में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कलेक्टर ने ली शासकीय व अशासकीय कालेजों के प्राचार्यों की बैठक



### तीन प्राध्यापकों को 01 दिन का वेतन काटने का नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 04 नवंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं छात्रवृत्ति का कार्य देखने वाले प्राध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बालाघाट, लांजी, किरनापुर, परसवाड़ा, बैहर, कटंगी, लालबर्रा, तिरोड़ी, खैरलांजी, लामता एवं हट्टा कालेज के प्राचार्य एवं प्राध्यापक शामिल हुए।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बैठक में निर्देशित किया कि वे सभी छात्र-छात्राओं के आधार प्रमाणीकरण (ओटीआर) को अतिशीघ्र पूरा कराएं, ताकि छात्रवृत्ति सभी बच्चों को आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में पूर्व सूचना के बाद भी अनुपस्थित रहने पर बालाघाट शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की डॉ. निधी ठाकुर, किरनापुर की डॉ. सुनीता जैन और लांजी के डॉ. आर आर सोनेवाने को एक दिन का वेतन काटने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये । कलेक्टर ने कहा कि सूचना के बाद भी बैठक में अनुपस्थित रहना गंभीर मामला है और इस पर कार्यवाही की जायेगी।

## 29 वें जिला स्तरीय युवा महोत्सव का हुआ आयोजन

**बालाघाट**। 29 वां जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन बालाघाट के मुलना स्टेडियम खेल और युवा कल्याण विभाग के हाल परिसर में 4 नवंबर को किया गया। जिला खेल अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी के निर्देशानुसार कार्यक्रम में लोकगीत समूह, लोक नृत्य एवं भाषण विधाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी विजेताओं एवं उपविजेता को मुख्य अतिथि श्री सतीश शर्मा न्यायाधीश सचिव विधिक प्राधिकरण द्वारा सम्मानित किया गया।

जिला खेल प्रशिक्षक सचिंद्र कृष्णन ने बताया कि इस आयोजन में निर्णायक की भूमिका में श्री मनोज शर्मा, श्री अशोक मिश्रा, श्री आलोक वाजपेई, सुनीता जंघेला रहे। जिला युवा उत्सव में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन में लोकगीत में प्रथम स्थान पॉली एकेडमी लांजी एवं द्वितीय स्थान शासकीय महाविद्यालय कटंगी ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम राहुल राणा पटले एवं द्वितीय स्थान कुमकुम राणा ने प्राप्त किया। लोक नृत्य विधा में प्रथम स्थान शासकीय विद्यालय बिसोनी (लांजी) ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अजय बैस द्वारा किया गया।

## खैरलांजी में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।




मुख्यालय के शासकीय अस्पताल में 4 नवंबर को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया । इस दौरान निशुल्क नेत्र शिविर में आंखो के मरीजो ने ओपीडी में पंजीयन कर अपना उपचार किया। चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन जबलपुर भेजा गया। नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन ने बताया की शिविर में 26 आंखो के मरीजो के द्वारा ओपीडी में पंजीयन कर उपचार प्राप्त किया। जिसमे से 11 नेत्र रोगी मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हे आपरेशन के लिए देव जी नेत्रालय जबलपुर रवाना किया गया ।

# रिटायर्ड वनकर्मी के द्वारा अतिक्रमण मामले में नायब तहसीलदार गढ़ी की संदिग्न भूमिका

हरिभूमि न्यूज बैहर।

बालाघाट जिले की बैहर तहसील के ग्राम बोदा में एक रिटायर्ड वनकर्मी लगभग 6 से 7 हेक्टेयर भूमि को कब्जा कर स्वयं का बता रहा है। लेकिन यहां आश्चर्य की बात यह है, की सरकार जिन वनकर्मियों को जल जंगल जमीन बचाने के लिए तैनात किया जाता है, वहीं लोग शासकीय संपत्ति में कब्जा जमाकर स्वयं का समझने लगते है। उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर को कई बार शिकायत भी की लेकिन कार्यवाही अब तक शून्य ही रही।

**ऐसे किया कब्जा:**बैहर से लगभग 40 किलोमीटर दूर ग्राम बोदा निवासी अतीत दास संत जो पूर्व में वनकर्मी के पद पर तैनात था, जो कि वर्तमान में रिटायर्ड हो चुका है, इन्होंने शासकीय अतिचराई भूमि में वन कर्मी का धौंस दिखाकर कब्जा जमाते हुवे घर मकान का निर्माण करते हुवे अब उक्त भूमि में खेती भी कर रहा है। जानकारी अनुसार बता दे कि, जिस जमीन पर वनकर्मी द्वारा कब्जा जमाया गया है, उसका मौजा बोदा मॉल प. ह. न.54 स्थित खसरा न. 17/12 रकबा 2.841 हेक्टेयर भूमि जो कि शासकीय अभिलेखों में घास मद दर्ज है, जिसमें रिटायर्ड वनकर्मी अतिक्रमण कर कब्जा जमाए बैठा है।

**ग्रामीणों ने की कई बार शिकायत:** ग्राम पंचायत बोदा में एक रिटायर्ड वनकर्मी के द्वारा शासकीय भूमि में कब्जा जमाकर रखना और विरोध करने वाले ग्रामीणों से अभद्रता करने को लेकर ग्राम पंचायत बोदा के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर को लिखित शिकायत देकर शासकीय भूमि से कब्जा हटाने का निवेदन किया था, जिसको संज्ञान में लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर अर्पित गुप्ता ने तहसीलदार बैहर दिनांक 12 अगस्त 2025 को ज्ञापन पत्र भेजकर एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट जांच प्रतिवेदन मांगा है, किन्तु आश्चर्य की बात यह है की दो माह बीत जाने के बाद भी तहसीलदार बैहर के द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दे सके है, जानकारी में यह भी पता चला हैं की इस पूरे मामले को लेकर नायब तहसीलदार गढ़ी के द्वारा जांच की जा रही है, लेकिन अब तक स्पष्टीकरण नहीं देने के चलते नायब तहसीलदार गढ़ी की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है।

**परिवार में नौकरी कर रहे अपने बच्चो का धौंस**



**जमाता है वनकर्मी :**बता दे कि रिटायर्ड वन कर्मी अतीत दास संत के परिवार में ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी अनुसार 4 सदस्य सरकारी सेवा में तैनात है, जिसमें से वनकर्मी के दो बेटे पुलिस में होने से उनका नाम बताकर ग्रामीणों को डराता चमकाता है। जिससे ग्रामीण बेहद परेशान है, अब तो वनकर्मी के द्वारा आने जाने वाले रास्ते को भी कब्जा कर ग्रामीणों के साथ अभद्रता करता है। इस तरह शासकीय सेवा का लाभ लेते हुवे भी अतिचराई घास की शासकीय भूमि में कब्जा कर ग्रामीणों से अभद्रता करना कहा तक न्यायसंगत है, अब देखना यह है की इस पूरे मामले को संज्ञान में लेकर नायब तहसीलदार गढ़ी के द्वारा निष्पक्ष स्पष्टीकरण देते है या, किसी प्रकार की सांठगांठ करते नजर आएंगे।

### इनका कहना है

रिटायर्ड वनकर्मी अतीत दास संत के द्वारा शासकीय घास की भूमि को कब्जा किया गया है, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इतना ही नहीं इनके द्वारा अपने बेटे के पुलिस विभाग में होने का धौंस भी जमाता है। एस डी एम बैहर में शिकायत की गई है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। यदि कार्यवाही नहीं होती है तो हम सब ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने के लिए लामबंद होंगे।

**सुभाष मांगरे (ग्रामीण ग्राम बोदा)**

4 आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपियों का जुलूस निकाला

# नाबालिग से गैंगरेप मामले में पुलिस की त्वरित और कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



लालबर्रा क्षेत्र में एक नाबालिग से हुए जघन्य गैंगरेप मामले में पुलिस ने बड़ी मुस्तैदी दिखाते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कठोर संदेश देते हुए दो बालिग आरोपियों - अयूब और दानिश - का सोमवार को जुलूस भी निकाला, जिससे क्षेत्र में अपराधियों के मन में पुलिस का भय व्याप्त हो सके।

क्षेत्र में आक्रोश और परिजनों की बुलडोजर चलाने की मांग

विगत अक्टूबर के अंत में लालबर्रा क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ वारासिवनी क्षेत्र के युवकों द्वारा गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया था। इस शर्मनाक घटना के बाद से ही क्षेत्र में गहरा आक्रोश था। मामले में एक विशेष जाति विशेष के आरोपियों के शामिल होने के कारण स्थिति तनावपूर्ण थी। रविवार को पीड़ित परिवार के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लालबर्रा थाना पहुंचकर इस जघन्य अपराध के आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की कड़ी मांग रखी थी।

### एसडीओपी की आश्वासन और तेज कार्रवाई

इस मौके पर उपस्थित एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित कर नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने अपने इस आश्वासन को तुरंत पूरा किया। ए स डी ओ पी अभिषेक चौधरी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के कड़े निर्देश पर मामले को गंभीरता से लेते हुए लालबर्रा पुलिस ने तीन दिन के भीतर ही सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### थाने तक पैदल लाकर अपराधियों में भय का माहौल

गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों में से दो बालिग और दो नाबालिग हैं। सोमवार को बालिग आरोपी अयूब और दानिश को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद थाने तक पैदल (जुलूस के रूप में) लाया। हालांकि पुलिस ने इसे 'वाहन खराब' होने का कारण बताया, लेकिन इस कदम से इलाके में अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं और एक कड़ा संदेश गया है।

### पॉक्सो और आईटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

एसडीओपी चौधरी ने जानकारी दी कि आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप, पॉक्सो एक्ट, और आईटी एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। नाबालिग आरोपियों को किशोर न्यायालय में पेश किया गया है। बालिग आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपियों ने गैंगरेप के बाद नाबालिग का वीडियो भी बना लिया था और पैसे की मांग कर रहे थे। पैसे न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई थी, जो अपराध की जघन्यता को और बढ़ाती है। पुलिस की इस त्वरित, सख़्त और प्रभावी कार्रवाई से न केवल पीड़िता को न्याय की उम्मीद मिली है, बल्कि क्षेत्र में यह साफ संदेश गया है कि अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।